११. "मटर-पनीर, आलू-गोभी, खटाई वाले चने, साग-पनीर, उड़द की दाल, पकौड़ी और मलो

का रायता।"

१२. "और मांस में आप क्या क्या देंगे?"

१३. "जी मुर्ग़-मसाला, रोग़न-जोश, सीख़-कबाब, तंदूरी मुर्ग़ - और जो भी आप हुक्म करें बना जाएगा।"

१४. "खाने के बाद कुछ मीठी चीज़ भी तो चाहिए।"

१५. "आप खीर, गाजर-पाक, दाल का हलुआ, ~~मालपुआ~~ पाक, कुलफी जो चाहें मिल जाएगा।"

१६ "एक आदमी के खाने के आप कितने पैसे लेंगे?"

१७. "अगर आप मुझे यह बता दें कि आप कौन कौन सी चीज़ लेना पसंद करेंगे, तो मैं आप को आसानी से पैसे बता दूंगा।"

१८ "लो यह तो मैं भूल ही गया।"

१९. "हम कुछ ज़्यादह नहीं लेंगे, सिर्फ एक

प्लेट, रोगनजोश, एक प्लेट शामपनीर और सलाद का रायता।"

२०. "सलाद, चटनी तो आप देंगे ही।"

२१. "आप चावल पसंद करें तो या पूरी?

२२. "क्या आप तन्दूरी रोटी बना सकते हैं?"

२३. "जी हां, अगर आप चाहते हैं तो?"

२४. "और गाजर का हलुआ।"

२५. "तो कपूर साहिब एक आदमी के खाने के चार रुपये हो गए।"

२६. "चार रुपये तो बहुत ज़्यादह है।"

२७. "नहीं जी, मैं ने तो आप को कम से कम पैसे बताए हैं।"

२८. "देखिए डेढ़ रुपया तो हम सिर्फ रोगन-जोश की प्लेट का ही लेते हैं।"

२९. "इस के इलावा और भी कितनी चीज़ें हैं।"

३०. "दरिवार मैनेजर साहिब हम तो हमेशा आप ही के पास आते है, कुछ तो पैसे कम होने चाहिएं।"

३१. "तह तो आप की बड़ी मेहरबानी है लेकिन इस से कम पैसे लेने से तो हमें नुकसान रहेगा।"

३२. "अच्छा चलो पौने चार रुपये ठीक हैं।"

३३. "तो शाम को नौ बजे आप को मेज़ तैयार मिलेगी।"

३४. "ठीक है हम वक्त पर पहुंच जाएंगे।"

३५. "आप कुछ पेशगी रुपये लेंगे?"

३६. "कोई जरूरी नहीं, जैसा आप चाहें।"

३७. "मेरे पास अभी तो दस ही रुपये हैं, यही रखो।"

३८ "धन्यवाद"

३९. "मैं सब इन्तजाम करवा दूंगा।"

"कुछ कठिन शब्द"

Some difficult words.

१ आलू - गोभी Potatoes and cauliflower

२ आसानी Easily

३ इन्तज़ाम Arrangement

४ इलावा In spite of

५. उड़द की दाल Black-gram

६. कुलफी Ice-cream

७. खटाई वाले-चने Whole grams with Sour.

८. खीर A kind of pudding made with milk and rice.

९. गाजर-पाक. A kind of pudding made with carrots and milk.

१०. चटनी Sauce.

११. चार रुपये Four rupees.

१२. तन्दूरी मुर्ग Roasted-chicken.

१३. दावत Feast

१४ दोस्त Friends

१५. नुकसान Loss.

१६ पन्द्रह Fifteen

१७. पकौड़ी कारागाता . A dish prepared with Sour cream and gram flour

१८. बाल्ते A Sour cream dish with black gram.

१९. मीठी चीज़ dessert

२०. आपकी मेहरबानी है So kind of you.

२१. मुर्ग़ - मसाला Chicken - curry.

२२. मांस meat

२३ मटर-पनीर Peas with cheese.

२४ रोगन जोश Roghan josh

२५. वक्त पर In time.

२६.	सीख - कबाब	Seekh - Kabab
२७	पाग - पनीर	Spinch with cheese
२८	सब्जी	Vegetable
२९.	सलाद	Salad
३०.	हुक्म	Order

1 " Good morning, manager.

2. " Hello Mr Kapoor

3 " Fine, thanks. you"

4 "I was thinking of a dinner party for my friends, so I am here.

5 " Can you make out the arrangements ?

6 " Sure, how many people you are ?

7 " Fifteen "

8 " What can you serve for the dinner ? "

9 " Every thing, whatever you would like can be prepared. "

10 " What kind of vegetables would you serve ? "

11 " Sweet-peas with cheese, Cauliflower with potato

Sour whole-grams, Spinach with cheese, black-gram Pakori or bhalla with Sour-cream.

12. "What can you serve in meat ?"

13 " Chicken-curry, roghan-josh, kebab, roasted-chicken and what else you may order can be prepared."

14 There should be some dessert als."

15 " Kheer, Carrot-pudding, dal-ka-haluwa and ice-cream whatever you prefer would be available."

16 " What will you charge for one person?"

17 "If you please tell me what would you like to have, it will be convenient for me to tell you about the money."

18 "Oh; I just forgot about this thing"

19 " We will not take more than, One dish of each thing.

rogham josh, one Spinach dish with cheese and bhalla with Sour-cream per head."

20 " Of course, you will serve Salad and Sauce."

21 "What would you like to have rice or puree

22 " Can you serve over-chhapti ?"

23 " If you so desire."

24 " And carrot-pudding ?"

25 "Well MR Kapoor I will charge rupees 4 Per head."

26 "It is too much."

27 "No, I have asked you the minimum."

28 "Look we charge a rupee and a half only for one rogham-josh dish."

29 " Besides this there are so many other things."

30 Well Mr manager, we often come here, there Should be some concession.

31. "That is very kind of you, but you See if we charge less than this we will be at a loss"

32. "Well, quarter to four will be alright."

33 "you will find the table ready at 9:P.M.

34 "We Shall come at the right time."

35 "Would you like to have Some money in advance?"

36 "As you wish, it is not essential."

37 "Keep these ten rupees which I have this moment."

38 "Thank you."

39 "I will make all the arrangements."

१ "क्या आप हमारे खाने का इन्तज़ाम करवा सकते हैं ?"

२. "आप खाने के लिए क्या क्या दे सकते हैं ?"

३. "क्या हमें खाना वक्त पर तैयार मिले गा ?"

४. "अगर मैं कोई ख़ास चीज़ बनवाना चाहूँ तो क्या आप बनवा देंगे ?"

५ "जो कुछ मैं चाहूँ आप बनवा सकते हैं ?"

६ "खाने के बाद आप मीठी चीज़ क्या देंगे ?"

७ "एक आदमी के खाने के आप कितने पैसे लेते हैं ?"

८ "खाना ठंडा तो नहीं होगा ?"

९ "सब्ज़ी कौन कौन सी होगी ?"

१०. "सब्जी में ज्यादह मसाले तो नहीं हैं बे ?"

११. "खाने की सब चीज़े गर्म गर्म देंबे न ?"

१२. "कुलफी के आप कितने पैसे लेते हैं ?"

१३. "मांस में आप क्या क्या देंगे ?"

१४. "क्या बुर्बा-मसाले के पैसे आप ज्यादह नहीं ले रहे ?"

१५. "चावल की प्लेट के कितने पैसे हैं ?"

१६. "क्या आप सलाद भी देंगे ?"

१७. "क्या आप कुछ रुपये पेशगी लेना चाहते हैं ?"

१८. "आप का खाना अच्छा होगा न ?"

१९. "मेरे किसी मित्र को कोई शिकायत तो नहीं होगी ?"

२०. "मैं आप को कितने रुपये दूं ?"

१. "जल्दी से चलो बेटा, देर हो से तुम्हारे कपड़े लेने हैं और फिर बाल कटवाने भी आगे जाना है।"

२. "चलो पिता जी, मैं बिल्कुल तैयार हूं।"

३. "आईए शर्मा जी, नमस्ते।"

४. "कहिए मास्टर जी, इस के कपड़े तैयार हो गए?"

५. "आप बैठिए अभी दस मिनट में तैयार हो जाएंगे।"

६ "लेकिन आप ने आज सुबह देने का वादा किया था।"

७. "इस को तीन बजे की गाड़ी से रामपुर जाना है।"

८. "बस जी सिर्फ एक कमीज़ के बटन लगने बाकी है।"

९. "अच्छा जब तक यह काम होता है, आप शेविंग

के पैसे बताएं

१०. "जी आपने मुझे कुछ ज्यादह पैसे नहीं देने सिर्फ नौ रुपये हैं।"

११. "वह कैसे?"

१२. "देखिए दो कमीजों के तीन रुपये, दो निक्करों के चार रुपये, एक कुरते का एक रुपया और एक पाजामे का एक रुपया।

१३. "यह लीजिए दस रुपये का नोट और मुझे एक रुपया वापिस कर दो।"

१४ "बहुत अच्छा जी।"

१५. "और आप के कपड़े भी तैयार हो गए।"

१६. "नमस्ते शर्मा जी।"

१७. "नमस्ते गुप्ता जी।"

१८. "चलो बेटा नहीं तो दुकान भी पास ही है।"

२१. "आईए बाबू जी बैठिए।"

२०. "आप कैसे बाल कटवाना चाहते हैं?"

२१. "इस बच्चे के बाल काट दो, थोड़ी छोटे छोटे रखना।"

२२. "ज़रा जल्दी जल्दी काट दो, हम ज़रा जल्दी में हैं।"

२३. "अभी लो बाबू जी आप के देखते ही देखते सब ठीक कर देता हूं।"

२४. "कितने -- पैसे हुए?"

२५. "जी पचास नए पैसे।"

२६. "ज़रा गर्दन पर से सब बाल साफ़ कर देना।"

२७. "जी मैं ने पाउडर लगा कर सब साफ़ कर दिए हैं।"

२८. "आओ बेटा अब तक हो चला है, हमें जल्दी से स्टेशन पर पहुंचना है।"

२९. "हां पिता जी, माता जी मेरा सूटकेस ले कर हमारा इन्तजार कर रही हैं जी।"

३०. "पिता जी गाड़ी यहां से कितने बजे छूटती है?"

३१. "बेटा तीन बज कर पांच मिनिट पर।"

३२. "और रामपुर पहुंचे भी कितने बजे?"

३३. "शाम के पांच बजे।"

३४ "दिल्ली से रामपुर का फासला कितना है?"

३५. "साठ मील का।"

३६ "मोहन ... मोहन!"

३७. "कथा सुने कोई आवाज़ दे रहा है?"

३८ "हां, वह देखो तुम्हारी माता जी खड़ी हैं टिकट घर के पास।"

३९. "चलो बेटा जल्दी से गाड़ी आने का वक्त हो गया है।"

४०. "मैं ने तुम्हारी टिकिट खरीद ली है।"

४१. "इस टोकरी में क्या है?"

४२. "इस में कुछ फल और मिठाई है।"

४३. "रास्ते में भूख लगे तो खा लेना।"

४४ "वह देखो गाड़ी आ रही है।"

४५. "बेटा घबराओ नहीं बहुत जगह खाली हो जाए गी।"

४६. "पहले मुसाफिरों को नीचे आने दो।"

४७. "मैं ने तुम्हारा सूटकेस और टोकरी तुम्हारी सीट के नीचे रख दी है, अब तुम आराम से बैठ जाओ।"

४८. "बेटा खिड़की के बाहर सिर निकाल कर न झाकना, वहीं आंख में कोयला न पड़ जाए।"

४९. "पिता जी, क्या दादा जी स्टेशन पर आ जाएँ गे।"

५०. हां, बेटा मैं ने कल उन्हें तार दे दी थी कि मोहन आ रहा है।"

५१. "अपनी टिकट संभाल कर रखना।"

५२. "वहाँ पहुंचते ही हमें पत्र लिख देना।"

५३. आप फिक्र न करें मैं ठीक पहुंच कर खत लिख दूंगा।"

५४ अच्छा बेटा, इंजन ने सीटी दे दी हम चलते हैं।"

Difficult words.

कठिन शब्द

१	आँख	Eye.
२.	आराम से	With ease
३.	इन्तजार	To Wait
४.	कमीज़	Shirt
५.	कुरता	Kurta
६.	कोयला	Char coal
७.	खिड़की	Window
८.	गर्दन	Neck
९.	टोकरी	Basket
१०	तार	Telegram
११.	दर्जी	Tailor.

१७.	दादा	Grandfather
१३	नाई	Barber
१४	निक्कर	Shorts.
१५.	पाजामा	Pajjama
१६	फिक्र	Worry
१७	फल	Fruit
१८	बाल-कटवाना	Hair-cut.
१९.	मिठाई	Sweets
२०.	मुसाफिर	Passenger
२१.	वायदा	Promise
२२.	शाम	Evening
२३	साठ मील	Sixty miles.
२४	सीटी	Whistle.

२५.	सुबह	Morning.
२६	सिर्फ़	Only
२७	सिलाई	Stiching.
२८.		

1 "Hurry up Son, we have to bring your garment from the tailor and then you also need hair-cut."

2 "Let us go father, I am ready."

3 "Good morning MR Sharma, Come in."

4 "Well tailor master, are his clothes ready?"

5 "Please sit down, they will be ready in ten minutes".

6 "But you promised to give this morning."

7 "He is going to Rampur by 3 o'clock train."

8 "There is only one shirt left for sewing up the buttons."

9 "O.K. while that work is being done let me know the amount you will be charging for the sewing."

10 "you do not have to pay much, it is only rupees nine."

11 "How come?"

12 "Three rupees for two shirts, four Rs. for two half-pants, one Rs. for the kurta and one Rs. for the trouser."

13. "Take this one Rs. note and give me back one rupee."

14 "Alright."

15 "your clothes are also ready."

16 "Good-bye, master (tailor)."

17 "Good-bye M.R. Sharma."

18 "Let us go sir, barber's shop is also quite near."

19 "Come in Sir, have a seat."

20 "Which hair-style would you like?"

21 "Please do hair-cut for this boy and keep hair very short."

22 "Please do quickly, we are in a hurry."

23 "yes Sir I will set everything right in no time."

24 "How much money?"

25 "Fifty naya Paise."

26 "Please clean the neck (remove hair from the neck)"

27 "I have cleaned all with powder."

28 "Now Son it is time to go to the station."

29 "yes father, mother must be waiting for us taking my suit-case."

30 "Father at what time the train leaves."

31 "Five minutes after three."

32 "When does it arrive at Rampur?"

33 "5 O'clock in the evening."

34 "How far is Rampur from Delhi?"

35 "Sixty miles."

36 "Mohan -- Mohan --."

37 "Is Some one Calling for me.?"

38 "Look, there is your mother standing near the booking-office."

39 "Hurry up Son, the train will be Coming Soon."

40 "I have bought the ticket for you."

41 "What is in this basket ?"

42 "There are Some Sweets and fruit."

43 "You may eat them if you feel hungry on the way.?"

44 "Look! the train is Coming."

45 "Do not worry Son, there will be plenty of room."

46 "Let the passengers get off the train first."

47 "Now you can sit easily I have put your suit-case and basket under the seat."

48 "Do not peep through the window, the Coal-dust may not enter your eyes."

49 "Father, will grandpa be on the station?

50 "Yes, Son. I informed him yesterday by sending a telegram that you will be coming."

51 "Keep your ticket carefully."

52 "Do write us as soon as you reach there,

53 "Do not worry, I will be writing a letter right after reaching there."

54 "Well Son the engine has whistled we are leaving."

१. "क्या वह दर्ज़ी की दुकान है?"

२. "क्या आप का भाई भी दर्ज़ी था?"

३. "क्या आप जाने के लिए तैयार हैं?"

४. "क्या आप ने टिकट नहीं ली?"

५. "क्या आप टिकट नहीं लें गे?"

६. "क्या आप को मिठाई खाना पसन्द है?"

७. "क्या आप को मिठाई अच्छी लगती है?"

८. "क्या आप के पिता जी मिठाई लायें गे?"

९. "क्या इस टोकरी में फल हैं?"

१०. "क्या आप सुबह फल खाते हैं?"

११. "क्या सब मुसाफिर थक गए हैं?"

१२. "क्या मैं स्टेशन पर आप का इन्तज़ार करूँ?"

१३. "क्या आप मेरा इन्तज़ार कर रहे हैं?"

१४ "क्या आप के दादा जी गाँव में रहते हैं ?"

१५ "क्या आप की दादी जी भी उन के साथ रहती हैं ?"

१६ "गाड़ी दिल्ली किस वक्त पहुँचे गी ?"

PLANE TRAVEL

क्या यहाँ से नेपाल के लिए हवाई जहाज जाता है ?
जी हां, दिन में दो बार।
हवाई जहाज कितने बजे छुटता है ?
एक सुबह में सात बजे और दूसरा रात में आठ बजे।
कितना समय लगता है।
करीब दो घन्टे।
पर आपको मालूम है किराया (भाडा) कितना है !
करीब दो सौ रुपये।
टिकट घर कहाँ है ?
टिकट घर आपकी बायीं ओर अगले कोने में है।
टिकट बाबू मुझे काटमान्डू नेपाल का एक फर्स्ट क्लास टिकट चाहिए।
यह लीजिए अपना टिकट।
क्या जहाज पर खाना मिलता है।
जी नहीं, इतनी कम दूरी में नहीं।
पर नास्ते के लिए आपको सब कुछ मिल जाएगा।
मेरे सामान का वजन क्या है ?

आपके सामान का वजन पांच पौन्ड ज्यादा है।
मैं Air Port (हवाई अड्डे) कैसे पहुँचूंगा?
अगली सड़क से बस के लिए हर आधे घन्टे पर एक बस जाती है।
क्या हवाई जहाज से जाने में बहुत खतरा है?
जी नहीं।
क्या आपको हवाई जहाज चढ़ने पर कोई तकलीफ तकलीफ तो नहीं होती?
जी हां, मुझे काफी तकलीफ होती है पर मुझे डर भी लगता है।

Plane travel

1 "Is there any air-service from here to Nepal.?"

2 " yes, twice a day."

3 " At what time the plane leaves ?"

4 " One leaves at 7 oclock in the morning and the other 8 oclock in the evening."

5 "How much time it takes to reach there ?"

6 " About Six hours.

7 " Do you know what is the passage. fare ?"

8 "About two hundred rupees."

9 "Where is the booking office?"

10 "St..... is in the corner, on your left side."

11 (Booking clerk) I want a first-class ticket for Kathmandu, Nepal."

12 "Here is your ticket."

13 "Are the meals served on the plane?"

14 "No, not in this short distance journey."

15 "How much my luggage weighs ?"

16 "It is five pounds extra ?"

17 "How would I reach the air-port ?"

18 "From the next road, you can get a ~~bus~~ bus for the air-port after each half an hour."

19 "Is the air-journey very dangerous?

20 'No'.

21 "Do you feel any sort of trouble (air-sickness) in air-journey ?"

22 "Yes, I do feel but I am afraid too."

१. "आप के नौकर साहब कहाँ हैं ?"

२. "जी वह तो आज छुट्टी पर हैं।"

३. "कहिए मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ ?"

४. "जी मुझे आप से सख्त शिकायत है।"

५. "मैं ने आप के होटल की काफी तारीफ सुनी थी, इस लिए यहाँ चला आया।"

६. "लेकिन सिर्फ एक रात यहाँ रहने से ही पता चल गया है कि वह सब झूठ था।"

७. "शायद मुझे अभी किसी और होटल में जाना पड़े।"

८. "नहीं साहब, यह कभी नहीं हो सकता।"

९. "आप को किसी भी तकलीफ के लिए हमें सख्त अफसोस है।"

१०. "अपने मेहमानों को हर तरह से आराम पहुँचाना हमारा पहला फ़र्ज़ है।"

११. "आप मेहरबानी कर के अपनी तकलीफ बताईए हम उसे दूर करने की पूरी कोशिश करें गे।"

१२. "दरअसल दो महीने की लम्बी बिमारी के बाद मैं यहां सीधा हस्पताल से आया हूं।"

१३. "डाक्टर ने मुझे पूरा आराम करने को कहा है।"

१४. "लेकिन आप ने मुझे कमरा ऐसी जगह दिया है जहां रात भर शोर की वजह से मैं सो न सका।"

१५. "औ इस बिमारी ने मुझे इतना कमज़ोर बना दिया है कि शोर बिलकुल सहन

नहीं कर सकता।"

१६ "शायद मेरे कमरे के नीचे आप का रेस्तोरां है।"

१७ "जी हाँ, हमें आप की रात भर की बेचैनी के लिए अफसोस है।"

१८ "इस सख्त सर्दी के बावजूद भी, आप के गुसलखाने में गर्म पानी नहीं है।"

१९ "कमरे की एक खिड़की का शीशा टूटा हुआ है, जिस से तेज़ ठण्डी हवा आती है।"

२० "आप के सब नौकर, इतने लापरवाह हैं कि, सुबह चार बार घण्टी बजाने पर चाय मिली और वह भी ठण्डी।"

२१. "आप मेरा एक दिन का बिल बना दें ताकि मैं किसी और जगह जा सकूं।"

22. "नहीं साहिब यह कभी नहीं हो सकता।"

23. "आप की सब तकलीफ के लिए मैं सख्त शर्मिन्दा हूँ।"

24. "लेकिन आप के इन बातों के कहने से क्या हो जाए गा?"

25. "क्यों नहीं साहिब मैं अभी आप का कमरा बदलवा देता हूं।"

26. "आप बड़े आराम से यहां रहिए।"

27. "अब आप को किसी भी तरह की शिकायत करने का हम मौका नहीं दें गे।"

28. "खाने की हर चीज़ आप को वक्त पर कमरे में मिले गी।"

29. "अच्छा मैं एक दिन आ कर देख लेता हूं।"

30. "आप की बड़ी मेहरबानी है।"

Some difficult words.

१. अफ़सोस Sorry, grieved.

२. एक रात One night..

३ कमरा Room

४ कोशिश करें गे Will try.

५. कमज़ोरी Weakness.

६ खिड़की Window.

७. गर्म पानी Hot water

८ ग़ुसलख़ाना Bath room

९ घण्टी Bell.

१० चाय Tea.

११.	छुट्टी पर	On leave.
१२.	झूठ	False
१३.	ठण्डी	Cold
१४	तकलीफ	Trouble
१५	फर्ज़	Duty
१६	बावजूद	In Spite of.
१७	बेचैनी	Restlessness
१८	मेहमान	Guest
१९.	मौका	Chance or opportunity
२०.	रेस्तोरां	Restaurant.
२१.	लम्बी-बिमारी	Long ill-ness.

२२.	लापरवाह	Careless.
२३.	वजह	Because of.
२४	शिकायत	Complain
२५.	शोर	Noise
२६	शीशा	Glass
२७	शर्मिन्दा	Ashamed of
२८	सिर्फ	Only
२९	सहन	Tolerate
३०	सख़्त सर्दी	Intense Cold
३१	सुबह	Morning
३२.	हवा	Wind.

1 "Where is your manager ?"

2 "He is on leave, to-day."

3 "May I help you ?"

4 "I have a complaint against you."

5 "I had heard a lot about your hotel and that is why I came here."

6 "But now after passing only one night here, I have come to know that, that was all false."

7 "Perhaps I would have to move in another hotel."

8 "No, It should not be like this."

9 "We are deeply sorry for any of your trouble here."

10 "It is our foremost duty to provide our guests, all the comforts."

11 "Please do tell your trouble and we will try our best to avoid it."

12 "Now look, I have come here right from the hospital after long illness of two months."

13 "The doctor has advised me to take Complete rest."

14 "But you gave me the room on such a noisy place that I could not sleep the whole night."

15. "This illness has made me so weak that I can not tolerate any kind of noise."

16 "Perhaps your restaurant is right under my room."

17 "Yes Sir, we are Sorry for your restless night."

18 "Inspite of this cold weather there is no hot water in your bath room."

19 "The glass of one window is broken and the biting cold wind comes in."

20 "All of your attendants are so careless that, I could get tea only, after ringing four times and that, too, was cold."

21 "Please, give me your bill for one day So that I may be able to move Somewhere else."

22 "No Sir this is not possible."

23 "I am awefully ashamed for all of your troubles here."

24 "But merely Saying this, would not help."

25 "Why not Sir, I will get your room chang just now."

26 "Now you Stay here comfortably."

27 "And we will not give you any chance for complaining."

28 "you will all your meals in your own room."

29 "Alright I will wait for another day."

30 "It is very kind of you."

१. "क्या यह कमरा खाली है ?"

२. "आप को यह कमरा क्यों पसन्द है ?"

३ "क्या रात को आप कमरे की सब खिड़कियाँ बन्द कर देते हैं।"

४. "इस खिड़की का शीशा कैसे टूटा ?"

५. "क्या घण्टी खराब है ?"

६. "आप को चाय पसन्द है ?"

७ "क्या आप चाय पीना पसन्द करते हैं ?"

८ "क्या हवा बहुत ठण्डी है ?"

९ "क्या आप को शोर पसन्द नहीं ?"

१० "क्या आप मेरी तकलीफ दूर करने की कोशिश करें गे ?"

११. "क्या इस शहर में कोई अच्छा होटल है ?"

१२. "क्या ग़ुसलख़ाने में गर्म पानी है ?"

१३. "क्या डाक्टर ने आप को आराम करने को कहा है ?"

१४ "क्या बिमारि के बाद आप को बहुत कमज़ोरी महसूस होती है ?"

१५ "आप के मैनेजर साहिब कितने दिन की छुट्टी पर हैं ?"

१६. "आप सुबह किस वक्त सो कर उठते हैं ?"

१. "क्या आप के मैनेजर कमरे में हैं ?"

२ "क्या आप के मैनेजर छुट्टी पर हैं ?"

३ "क्या आप को इस होटल में कुछ तकलीफ है ?"

४ "क्या आप को यह होटल पसन्द है ?"

५ "क्या आप किसी और होटल में जाना चाहते हैं ?"

६ "क्या आप का भाई हस्पताल में है ?"

७ "क्या आप भी कल बिमार थे ?"

८ "क्या आप कल रात को सो नहीं सके ?"

९ "क्या शोर की वजह से आप सो नहीं सके ?"

१० "क्या आप गर्म पानी से नहाना पसन्द करते हैं ?"

११. "क्या आप ने वह खिड़की बन्द नहीं की ?"

१२ "क्या इस खिड़की का शीशा टूटा है ?"

१३ "आप रात का खाना किस वक्त खाते हैं ?"

१४ "क्या मुझे खाने की हर चीज़ वक्त पर मिल सकती है ?"

१५ "क्या हवा बहुत ठंडी है ?"

१६ "क्या आप का नौकर बहुत लापरवाह है ?"

१७ "क्या आप सुबह चाय पीते हैं ?"

१८ "क्या आज आप को ठंडा खाना मिला ?"

CUSTOM HOUSE

कृपया आप अपना सामान खोलिए।
क्या आपके पास अमेरिकन डौलर हैं?
जी नहीं, मेरे पास केवल हिन्दुस्तानी रूपया है।
क्या आपके पास कर लगने वाली कोई सामग्री है?
जी हां, मेरे पास एक मूवी कैमरा, दो घड़िया और
तीन कलमें हैं।
क्या यह सब आपके इस्तेमाल के लिए है?
जी हां, केवल एक कलम मैं हिन्दुस्तानी दोस्त को
देना चाहता हूँ।
क्या आपके पास कोई सोने का गहना, कोई कीमती
पत्थर आदि है?
जी नहीं, इस तरह की कोई वस्तु मेरे पास नहीं।
क्या आपके पास कितने सीगरेट्स हैं?
मेरे पास केवल दो सौ सीगरेट्स हैं।
किन्तु आप कितने सीगरेट्स अपने देश में लाने
की आज्ञा देते हैं।
केवल डेढ़ सौ।

क्या मैं आपके सब कागजात देख सकता हूँ?
बड़ी खुशी से, यह लीजिए।
आपके सब कागजात ठीक हैं, आप बाहर जा सकते हैं।
धन्यवाद।
क्या आप मेहरबानी से एक कुली बुला सकते हैं?
जी हां, अभी बुला देता हूँ।
कुली मेरा सामान टैक्सी पर ले चलो।
यहाँ कोई टैक्सी नहीं मिलती।
तो बस स्टेशन ले चलो।
कुली तुम कितने पैसे लेते हो?
मैं सिर्फ ढाई रुपये लेता हूँ।
यह तो कुछ अधिक लगता है।
मैं तो केवल दो ही रुपये दे सकता हूँ।
अच्छा साहेब आइए मेरे पीछे चलिए।

CUSTOM - HOUSE

1 "Please open your luggage."

2 "Do you have American dollars?"

3 "No, I have only Indian currency."

4 "Do you have anything which is taxable?"

5 "Yes, I have a movie-camera, two watches and three pens."

6 "Are all of these for your personal use?"

7 "Yes, except one pen which I want to give to my Indian friend."

8 "Do you have any golden jewelry or precious stone?"

9 "No I have nothing of this sort."

10 "I have two hundred cigarettes."

11 "How many cigarettes do you permit to bring in your country."

12 "Only hundred and fifty."

13 "may I see all of your papers."

14 "With pleasure, here they are."

15 "All the papers are alright, you can go."

16 "Thankyou."

17 "Will you please call a porter for me?"

18 " yes, just a moment."

19 " Porter, take my luggage to a Cab."

20 "Taxi is not available here."

21 "Then take it to the bus-station."

22 "What will you charge?"

23 "Only two and a half rupee."

24 "It seems too much."

25 "I can pay you only two rupees."

26 "Alright Sir, come on follow me.

१. "आईए बहन जी, मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ?"

२ "देखिए, मेरी एक सहेली की शादी है उस के लिए मुझे कुछ तोहफा लेना है।"

३. "क्या आप मेरी कुछ मदद कर सकते हैं?"

४ "ज़रूर अपने हर ग्राहक को नेक सलाह देना हमारा फर्ज है।"

५. "यह देखिए 'पारकर' का कलम है, कलाई की घड़ी है, कैमरा है।"

६. "इस्त्री का तोहफा तो बहुत ही अच्छा रहे गा।"

७ "यह जापानी काफी-सैट अभी नया आया है।"

८ "इस के साथ अगर आप काफ़ी-परकोलेटर भी लें गी तो बहुत अच्छा रहे गा।"

९. "लेकिन यह सब चीज़े तो बहुत महंगी हैं।"

१०. "आप कितने रुपये तक का तोहफा देना चाहती हैं।"

११. "जी, पचीस या तीस रुपये तक।"

१२. "आप यह शान्ति-निकेतन का पर्स ले लें और इस की साथ यह बनारस की चूड़ियाँ और काँटे ले लें।"

१३ "और अगर एक ही चीज़ देना चाहते

१४ है, तो यह कढ़ाई वाली कश्मीरी शाल बड़ी खूबसूरत है।"

१५. "इस की क्या कीमत है।"

१६ "जी, सिर्फ पचास रुपये।"

१७ "लेकिन मैं ने आप को पहले बता दिया है कि मुझे तीस रुपये तक की कोई चीज़ दिखाईए।"

१८ "फिर आप यह स्वैटर ले लें और ऐसे ही रंग का गुलूबन्द ले लें।

१९ "या फिर आप एक छोटे डिब्बों में सिंगार की सब चीज़े अपनी मर्ज़ी से रखवा सकते हैं।"

२० "बस आप के चालीस रुपये लगेंगे।"

21. "केसिया मेरे पास ज्यादा वक्त नहीं है आप के पास उनकी कोमत की कोई चीज है तो दिखाईए वरना और किसी दुकान पर जाऊं।"

22. "नहीं जी, यह मेरी है सकता है, मैं अभी खुद और दिखाता हूं।"

23 "इस चांदी के असली दाम के बारे में आप का क्या ख्याल है?"

24. "क्या कीमत है?"

25 "जी सत्ताईस रुपये?"

26 "यह यह असली चांदी है?"

27. "जी हां, आप के फिर हो सके ले जाईए" "ठीक है इसे डिब्बे में बंद कर दो।"

Some Difficult words.

१	असली	Pure
२	इस्त्री	Press, Iron
३	कांटे	Ear-rings
४	कढ़ाई वाली	Embroidered
५.	कलम	Pen
६	कलाई	Wrist
७	खूबसूरत	Beautiful
८	ग्राहक	Customer
९.	गुलुबन्द	Scarf
१०	घड़ी	Watch
११	चाँदी	Silver
१२	चूड़ियाँ	Bangles.

१३.	तीस	Thirty
१४	तोहफा	Present
१५.	पचास	Fifty
१६	पचीस	Twenty five
१७	फर्ज़	Duty
१८	फूलदान	Flower-pot
१९	बेफिकर	Without worry.
२०	मदद	Help
२१.	मंहगी	Costly
२२.	रंग	Colour
२३	शादी	Marriage
२४	सलाह	Advise
२५	सेवा	Service.

(२६) सहेली = Friend.

1 "Come in Sister, what can do for you ?"

2. "I want to buy some thing as a maniage gift for my friend."

3. "Can you help me ?"

4 "Certainly, it is our duty to give better advice to our customer."

5 "See here is 'parker' pen, wrist-watch, Camera."

6 "To present an iron will be good idea."

7. "We have just received this new Japanese Coffee-set."

8 "Along with this if you also buy a Coffee-maker, that will be wonderful."

9 "But all these things are very costly."

10 "How much money do you want to spend?"

11 "upto twenty five or thirty."

12 "Buy this 'Shantiniketen' purse and along with this buy some 'Banarasi' bangles and ear-rings."

13+14 "If you wish to give one thing, then this embroidered Kashmir-Shawl is very beautiful."

15 "What is its price?"

16 "Fifty rupees only."

17 "But I have told you before to show me such things which cost up to thirty rupees."

18 "Then why do not you take this Sweater with a matching scarf."

19 "Or you can buy all the Cosmetics according to your own choice and put them all to-getter in a Small box."

20 "It will cost forty rupees."

21 "Listen, I donot have much time, if you have Something worth while upto thirty rupees then Show me. otherwise I may go to another store."

22 "No, how it is possible, I will Show you Something just now."

23. "How about this Silver flower-vase?"

24 "What is the price?"

"Twenty seven rupees."

"Is this pure silver?"

"Oh, yes do not worry about that."

"Alright pack it in some box."

१. "क्या यह चाँदी की चूड़ियाँ हैं ?"

२. "क्या आप को चूड़ियाँ पसन्द हैं ?"

३. "क्या आप की घड़ी ठीक है ?"

४. "क्या आप के पास गुलुबन्द है ?"

५. "क्या आप की मित्र सुन्दर (खूबसूरत) है ?"

६ "क्या आप के पास कलाई की घड़ी है ?"

७ "क्या आप काटे पहनती हैं ?"

८ "आप को तीस रुपये चाहिए या पचास ?"

९. "आप को कौन सा रंग सब से ज्यादह पसन्द है ?"

१०. "क्या आप की बहन की शादी है ?"

११. "आप उसे कौन सा तोहफा देंगे ?"

१२. "क्या अमरीका में औरतें बहुत बड़े बड़े पर्स पसन्द करती हैं ?"

१३ "क्या आप का पर्स बहुत छोटा नहीं ?"

१४ "क्या आप कढ़ाई करना जानती हैं ?"

१५ "क्या इस कमीज़ को इस्त्री करने की आवश्यकता नहीं ?"

१६ "क्या इस कलम में स्याही है ?"

"शाक-तरकारी"

१. "कहिए शोभा जी, इतनी बड़ी टोकरी उठा कर आप कहाँ से आ रही हैं?"

२. "मैं तो आप ही के घर जा रही थी।"

३ "आज कोई विशेष काम नहीं था, इस लिए मैं ने सोचा कि खुद ही जा कर तरकारी ले आऊँ।"

४ "आईए साथ ही साथ घर चलें गे।"

५ "आप कौन कौन सी तरकारी लाई हैं?"

६ "यह केवल सर्दी के मौसम में यहीं कुछ ही मिलता है।"

७ "मटर, गाजर, फूल गोभी, बैंगन, शलगम, शाक बन्द गोभी और सेम की फलियां।"

८ "सलाद के लिए टमाटर, मूली, चुकन्दर, हरा धनिया पुदीना और हरे प्याज़ लाई हूँ।"

९ "तो क्या यह सारी तरकारियाँ आप एक ही दुकान से लाई हैं?"

१०. "जी हाँ, दिल्ली तो बहुत बड़ा शहर है।"

११. "यहाँ सब्जी की कई मण्डियाँ हैं।"

१२. फिर वहाँ छोटी बड़ी सभी तरह की कई दुकानें हैं।"

१३ वहाँ सब चीज़ें अलग अलग टोकरों में रखी हों गी।

१४ आप को जो कुछ भी चाहिए हो चुन लें।

१५ दुकानदार आप को तौल दे गा और बिल कर पैसे भी ले लेगा।

१६ "क्या वहाँ हर चीज़ के दाम लिखे होते हैं?

१७ "जी नहीं हर चीज़ की कीमत आप को दुकानदार से पूछनी हो गी।

१८ "क्या आप मुझे इन चीज़ों के दाम बता सकती हैं?"

१९ ज़रा - यह देखिए.....

20. गोभी 50 नए पैसे का एक किलोग्राम
मटर 75 " " " " "
गाजर 40 " " " " "
बैंगन 75 " " " " "
शलगम 25 " " " " "
साग 30 " " " " "
सेम 60 " " " " "

21. "यहाँ तो सब्ज़ी बहुत सस्ती है।"

22. "जी हाँ - टमाटर 50 नए पैसे के एक किलोग्राम
मूली 25 " " " " "
चुकन्दर 35 " " " " "

23 "हर चीज़ हमेशा आप को साफ़ और ताज़ा ही मिले गी।"

24 "अमरीका में तो पौण्ड के हिसाब से सब चीज़ बिकती है।"

25 "आप बता सकती हैं कि एक किलोग्राम में कितने पौण्ड होते हैं?"

२६ "एक किलोग्राम २ ½ पौण्ड के बराबर होता है।

२७ "सब्ज़ी कैसे तौलते हैं?"

२८ "दुकानदार के पास तराज़ू होता है और अपने हाथ से वह तौलता है।"

२९. "आप कह रही थी कि सर्दी के मौसम में यही कुछ मिलता है - इस का क्या मतलब?"

३०. "देखिए मई और जून के महीने में गर्मी हो जाए गी तो नयी तरकारियाँ आप को मिलें गी।"

३१. जैसे, पेठा, लौकी, भिण्डी, टीण्डे आदि।

३२. और जो यह सब्ज़ी अब मिलती है तब नहीं मिले गी।

३३ लेकिन फिर आलू, प्याज़ के बिना तो मुश्किल हो जाए गी?

३४ देखिए, आलू, प्याज़, टमाटर, हरा धनिया, पुदीना चुकन्दर, लहसन, कटहल ऐसी चीज़ें हैं जो वर्ष भर आप को मिलें गी।

३५ "कुकुरमुत्ता लोग बहुत पसंन्द करते हैं।"

३६ "लेकिन वह केवल बरखा के मौसम में दो महीने के लिए यहाँ मिलती हैं।

३७. "क्या वार्मी की सब्ज़ी कुछ महंगी होती है?"

३८ "नहीं तकरीबन वहीं दाम होते हैं जो इन के होते हैं।"

३९. वैसे यह तो ज़रूरी है कि जब कोई नयी चीज़ बाज़ार में आए गी (गर्मी या सर्दी की) तो ज़रा महंगी हो गी - बाद में सब ठीक हो जाता है।

४०. "अच्छा धन्यवाद! मैं ने बातों ही में आप का कितना समय ले लिया।

४१. नहीं - ऐसी कोई बात नहीं।

शाक - तरकारी
Vegetables.

१.	आलू	Potatoes
२.	कुकुरमुत्ता	Mush-room
३.	कटहल	Jack-fruit
४.	खुद	byself
५.	गाजर	Carrots
६.	गर्मी का मौसम	Summer-Season
७.	चुकन्दर	Beetroot
८.	छोटी - बड़ी	Small - big
९.	ज़रूरी	Essential
१०.	टमाटर	Tomatoes
११.	टोकरी	Basket
१२.	टीण्डे	Teēndā
१३.	तकरीबन	Almost
१४	ताज़ा	Fresh
१५	तराज़ू	Balance.
१६	तौल	Weigh.

१७	दाम - कीमत	Price
१८	धन्यवाद	Thanks
१९	पेठा	Ash gourd (Pumpkin)
२०.	पुदीना	Mint leaves
२१.	प्याज़	Onions
२२.	फूल गोभी	Cauliflower
२३.	बंद गोभी	Cabbage
२४.	बरसात का मौसम	Rainy Season
२५.	भिण्डी	Lady's finger (baby - Okra)
२६	महंगी	Costly
२७	मण्डियाँ	Markets.
२८	मटर	Peas
२९.	मूली	Radish
३०	लौकी	Pumpkin
३१.	लहसन	Garlic
३२.	विशेष	Special
३३	शलगम	Turnips.

३४	शाक	Spinach
३५	शहर	City
३६	साफ़	Neat and clean
३७	सस्ती	Cheap
३८	सलाद	Lettuce, Salad
३९	सेम की फलियाँ	French beans
४०	हरे प्याज़	Green Onions
४१.	हरा धनिया	Coriander leaves.

Vegetables

1 "Shobha, fromwhere are you coming with a big basket?"

2 "I was going to your home?"

3 "To-day I had nothing special to do So I went to buy the vegetables"

4 "Let us go home to-getter."

5 "What different kind of vegetables have you brought?"

6 "Only these are available in the winter-time."

7 "Peas, carrots, cauliflower, egg-plant, turnips, spinach, cabbage and 'french-beans."

8 "And for salad I have brought, tomatoes, radish, beet-root, green coriender leaves, mint leaves and green onions."

9 "Did you get all these vegetables from one shop?"

10 "yes, Delhi is a large town."

11 "There are many vegetable markets."

12 "Then there are all kinds of shops, big and small."

13 "All things are kept there, separately in large baskets."

14 "you may select whatever you need."

15 "The shopkeeper will weigh them for you."

16 "Do you find all the prices displayed there?"

17 "No for everything you will have to ask the price from the shopkeeper."

18 "Can you tell me the rates for these vegetables?"

19 "Sure, now look here."

20 "Cauliflower 1 kilogram for 50 N.P.
Peas " " " 75 "
Carrots " " " 40 "
Egg plant " " " 75 "
Turnips " " " 25 "
Spinach " " " 30 "
French-beans " " " 60 "

21 "vegetables are quite cheap here."

22 "yes .. tomatoes one kilogram for 50 N.P.
Radish " " " 25 " "
Beetroot " " " 35 " "

23 "you will always get everything clean and fresh."

24 "In America every thing is sold to in 'pounds.'"

25 "Can you tell me how many pounds make on kilogram."

26 "One kilogram is equal to two and a quarter pound."

27 "How do they weigh the vegetables?"

28 "The shopkeeper keeps a scale and he weighs him-self."

29 "What did you mean when you say," only these vegetables are available in winter time."?

30 "May and June will be hot months then you will get new vegetables."

31 "For instance pumpkin, ash gourd 'teeondas' etc."

32 "And the vegetables which we get now will not be available in summer time."

33 "Then it will be hard without onions and potatoes."

34 "But you will get things like Potatoes, onions, tomatoes, corrienders leaves, mint leaves, beet-root, garlic Jack-fruit, throughout the year."

35 "People like mushrooms."

36 "But here they are available only for two months — in rainy-season."

37 "Do Summer vegetables cost more money?"

38 "No almost the same rates as these have."

39 "It is natural that in the beginning of a season (summer or winter) they will cost more — but it becomes alright

40 "Well thanks very much. I took lot of your time just in talking."

41 "No, it is alright."

१. "कहो सुबोध जी कहाँ जा रहे हैं ?"

२. "ज़रा आपने एक मित्र के पास जा रहा था, कहिए आप ठीक ठाक हैं ?"

३. "जी हाँ, मैं आज आप के पास आने वाला ही था।"

४. "कहिए जनाब मैं आप की क्या सेवा कर सकता हूँ ?"

५. "आज कल मुझे एक क्लर्क की ज़रूरत है।"

६ "मेरे पास आप के छोटे भाई आए थे।"

७. "जी हाँ, उस को दो तीन महीने से कोई काम नहीं मिल रहा।"

८ "आप उसे अपना ही आदमी समझिए।"

९ "सब काम वह बड़ी मेहनत और ईमानदारी से करे गा।"

१०. "क्या वह आप के साथ रहता है?"

११. "जी हाँ, हाई स्कूल पास करने के बाद वह गाँव से यहाँ चला आया था।"

१२. "आप उस में कोई भी बुरी आदत नहीं देखेंगे।"

१३. "वह सिर्फ अपने काम से काम रखने वाला लड़का है।"

१४. "अच्छा सुबोध जी, और दो दिन तक मैं आप को सब पता दे दूंगा।"

१५. "अब मैं भी आपने एक मित्र के पास जा रहा हूँ।"

१६ "बहुत अच्छा जनाब!"

१७. "आईए मिस्टर कपूर आज कैसे तकलीफ की आने की?"

१८. "मिस्टर चौधरी, मैं ने शायद आप से एक दिन बात की थी कि मुझे, एक क्लर्क की ज़रूरत है।"

१९. "कल जब मैं 'मोहन कुमार' नाम से एक लड़के का परिचय ले रहा था, तो आप ने बताया कि, वह आप के पास काम कर चुका है।"

२०. "जी हाँ उस ने मेरे पास दो साल काम किया है।"

२१. "ऐसा नेक और दिल लगा कर काम करने वाला आदमी, मैं ने सिर्फ उसे ही देखा है।"

२२. "वह हमेशा वक्त पर दफ़्तर में आता था और, जब तक वह काम खत्म नहीं कर लेता था, उसे चैन नहीं पड़ता था!

23. "वह हर काम में बहुत होशियार है और बड़ी समझ बूझ से करता है।"

24. "मिस्टर चौधरी आप ने उसे नौकरी से हटाया क्यों था?"

25. "क्यों कि मेरी योजनां रद्दम हो गई थी।"

26 "अगर औ कुछ उस के बारे में जानना चाहते हैं, तो मेरा लड़का उस का गहरा दोस्त है।"

27 "हाँ, पिता जी ऐसा वफ़ादार दोस्त मुझे औ कोई भी नहीं मिला।"

28. "उस के चाल-चलन के बारे में तुम्हारी क्या राय है?"

29. "मोहन बड़ा ही खुश मिजाज है औ हमेशा सब से दोस्ती रखता है।"

30 "सिगरेट, शराब या जुआ किसी भी तरह की बुरी आदत नहीं उस में।"

31. "तुम उसे कब से जानते हो?"

32 "जानता तो बहुत दिनों से हूं क्योंकि हम कालिज में एक साथ पढ़े हैं।"

33 "लेकिन गहरी दोस्ती उस के बाद हुई है।"

34 "हम दोनों शाम को फुटबाल खेलने इकट्ठे जाते हैं।"

35. "आजकल बेरोज़गारी की वजह से बेचारा कुछ परेशान है।"

36. "हां सच्ची बेटा, मैं ज़रा उस के एक उस्ताद से बात करूँ।"

37 "उम्मीद है उसी को काम दूंगा।"

३८ "कहीं आप मिस्टर शर्मा से तो मिलने की नहीं सोच रहे।"

३९ "जी हाँ, आप ने ठीक कहा।"

४० "वह तो आज हमारे यहाँ आने वाले हैं।"

४१. "लो वह तो आ भी गए।"

४२. "नमस्ते शर्मा जी, मैं तो आज आप के पास आने की सोच रहा था।"

४३. "कहिए, कुछ काम से?"

४४ "क्या मोहन 'कुमार' नाम से कोई लड़का आप के पास पढ़ता रहा है?"

४५. "जी ओ तो मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूँ।"

५५+१ "मैं उसे अपने पास करके रखना चाहता हूँ। आप क्या कहते हैं?"

५७. "पढ़ने में तो वह हमेशा पहले दर्जे में रहता ही था साथ ही फुटबाल का अच्छा खिलाड़ी था।"

५८ मैं ने कभी उस के बारे में कोई शिकायत नहीं सुनी।"

५९. "अच्छा तो मैं उसे ही काम के लिए बुलाता हूँ।"

कुछ कठिन शब्द
Some difficult words.

१	आदत	Habit
२	ईमानदारी	Honesty
३	उम्मीद	Hope
४	उस्ताद	Teacher
५	ख़ुश मिज़ाज	Sweet-natured
६	खिलाड़ी	Player
७	गहरा दोस्त	Fast friend
८	चाल-चलन	Charater
९	छोटा भाई	younger brother
१०	जुआ	To Gamble
११	पहला दर्जा	First class.

१२.	परिचय	Interview
१३.	बेरोज़गारी	Unemployment
१४	मेहनत	Laboriously
१५	योजना	Project
१६	राय	Opinion
१७	वफादार	Sincere
१८	ख़राब	Mine
१९	शिकायत	Complaint.
२०	समझ बूझ	Hit intelligence
२१	सिर्फ	Only
२२.	होशियार	Smart & Active

1 "Where are you going Subodh ?"

2 "I am going to see a friend of mine, how are you to-day ?"

3 "to-day I was thinking to call on you."

4 "Well Sir, what can I do for you ?"

5 "I need a clerk these days."

6 "your younger brother came to me."

7 "yes, for the last two three months he is not getting any job."

8 "Take him as your own person."

9 "He will work hard with honesty."

10 "Does he live with you ?"

11 "yes, after his high-school he came here from the village."

12 "you will see no bad habits in him."

13 "He is a boy who minds his own business."

14 "Well, Subodh I will let you know everything after two days."

15 "Now, I am also going to see a friend.

16 "O.K. Sir."

17 "Come in MR. Kapoor, what brought you here to-day"?

18 "MR Chowdhri I think I told you one day that I need a clerk."

19 "yesterday, when I was taking an interview of a boy named 'Mohan Kumar', he mentioned that he had worked with you."

20 "yes, he worked two years for me."

21 "He is the only boy, I ever met, who works with honesty and whole-heartedly."

22 "He, always came to office in time And he, did not feel comfortable, until he finished his work."

23 "He is very sharp in all sorts of works And performs them intelligence."

24 "Mr. Chowdhri, why you dimissed him from the job."

25 "Because my project was over."

26 "If you want to know, Something else, my son is a very good friend of him."

27 "Yes, father I could not meet any other friend so sincere, as he is."

28 "What do you think about his character?

29 "Mohan, is sweet-natured and is always friendly with everybody."

30 "He has, none of bad habits like Smoking, drinking or gambling."

31 "Since when you know him ?"

32. "I know him from a long time as we were to-gether in the college."

32+1 "But we became good friends afterwards."

34 "In the evening we play foot-ball to-gether."

35 "The poor fellow is upset these days because of unemployment."

36 "Well, Sudhir let me talk with one of his teachers."

37 "I hope to provide him the job."

38 "Are you thinking to see MR Sharma?"

39 "yes, you are right."

40 "He is expected in our home to-day."

41 "Here, he comes."

42. "Hello, MR Sharma, I was thinking to go to your home."

43 "Tell me, if I can do some thing for you?"

44 "Tell me, if any boy named 'Mohan Kumar,' had bein your student?"

45 "I know him pretty-well."

46 "I want to take him as a Secretary,— what do you say?"

49 "He, always used to stand first in his study and, along with it, was a good foot-ball player."

48 "I never heard any complaint against him."

49 "Alright I will call him for the job."

१. "क्या आप के मित्र को कोई काम मिल गया है ?"

२. "क्या आप के भाई आज़कल बेरोज़गार हैं ?"

३ "क्या आप का क्लर्क ईमानदार आदमी है ?"

४ "क्या आप का नया नौकर वफादार है ?"

५ "क्या आप सिगरेट पीते हैं ?"

६ "क्या आप शराब भी पीते हैं ?"

७ "क्या आप जुआ भी खेलते हैं ?"

८ "उस का चाल-चलन कैसा है ?"

९ "क्या उस का छोटा भाई बहुत समझदार है ?"

१० "क्या मोहन और सोहन गहरे दोस्त हैं ?"

११ "उस खिलाड़ी का नाम क्या है?"

१२ "क्या वह मेहनत से काम करेगा?"

१३ "क्या आप के माता-पिता जी गांव में रहते हैं?"

१४ "क्या उसे झूठ बोलने की आदत है?"

१५ "क्या आप को किसी कलर्क की जरूरत है?"